Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - नौवीं

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण - IX, X

उपविषय : विलोम शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

आज हम कक्षा नौवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य-पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 259 पर दिए विलोम शब्द का अध्ययन करेंगे। यह कार्य

बच्चो! आप सभी अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 257 खोल कर बैठ जाएँ साथ ही अपने पास व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका भी रख लें। पाठ के मध्य आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे। आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट के लिए विराम देंगे तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे। इन प्रश्नों के उत्तर देने में आप तभी समर्थ होंगे यदि आपने विषय को ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अतः यह आवश्यक है कि आपका ध्यान विषय की ओर ही केन्द्रित रहे।

आशा करती हूँ कि अब आप पढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

बच्चो! आपकी पुस्तक में दिए विलोम शब्दों को पढ़ने से पहले आइए इस विषय संबंधी कुछ जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। विलोम का अर्थ है उल्टे अर्थ रखने वाले शब्द। जो शब्द अर्थ की दृष्टि से परस्पर विपरीत होते हैं

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

Date 8/4/24
Page 2

विषय - हिन्दी व्याकरण ( विलोम शब्द )

उन्हें विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहते हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि जो शब्द एक-दूसरे से विपरीत अर्थ दें उन्हें विलोम शब्द कहते हैं। विलोम शब्द में कुछ खास बातों का ध्यान रखना आवश्यक है एकवचन शब्दों का विलोम एकवचन में लिखा जाता है और बहुवचन का विलोम बहुवचन में ही लिखा जाता है। दूसरी खास यह है कि विलोम शब्दों में तत्सम के विपरीत तत्सम तथा तद्‌भव के विपरीत तद्‌भव शब्द ही होने चाहिए। यदि आप तत्सम शब्द का विलोम तद्‌भव शब्द में लिखेंगे तो वह गलत होगा। विलोम शब्दों के ज्ञान से हमारी भाषा पर पकड़ मज़बूत होती है एवं शब्द भण्डार भी बढ़ता है।

बच्चो ! अब आपकी पुस्तक में दिए कुछ विलोम शब्दों पर चर्चा करेंगे। आपका ध्यान अपनी-अपनी पुस्तक पर केन्द्रित होना चाहिए। इन शब्दों को आप भी ऊँचे स्वर में दोहराएँगे।

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अधम | उत्तम | अग्रज | अनुज |
| अंतरंग | बहिरंग | अधुनातन | पुरातन |
| अतिवृष्टि | अनावृष्टि | अनुकूल | प्रतिकूल |
| अनुरक्त | विरक्त | अंतर्मुखी | बहिर्मुखी |
| अपमानित | सम्मानित | अपव्ययी | मितव्ययी |
| अमृत | विष | अरुचि | रुचि |
| अल्पायु | दीर्घायु, चिरायु | अस्त | उदय |
| आकर्षण | विकर्षण | आगत | अनागत |
| अगम | सुगम | अर्थ | अनर्थ |
| अंधकार | प्रकाश | अनाथ | सनाथ |
| अनुग्रह | विग्रह | अनुराग | विराग |
| अपना | पराया | अपेक्षा | उपेक्षा |
| अमर | मर्त्य | अल्पज्ञ | बहुज्ञ |
| असाधारण | साधारण | रोगी | स्वस्थ |
| आदि | अंत | आग्रह | दुराग्रह |

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण ( विलोम शब्द)



बच्चो ! इन विलोम शब्दों में कुछ शब्द कठिन भी हैं जिनका अर्थ जान लेना आपके लिए आवश्यक है। शब्द का अर्थ स्पष्ट हो जाने से आपको विलोम शब्द याद करने में आसानी रहेगी। पहला शब्द है अधम जिसका अर्थ है नीच तथा उत्तम का अर्थ है श्रेष्ठ। आगे है अतिवृष्टि जिसका अर्थ है अधिक वर्षा और इसका विलोम है अनावृष्टि जिसका अर्थ है जहाँ सूखा पड़ा हो। इसी प्रकार अनुरक्त शब्द का अर्थ है प्रेमयुक्त और इसका विलोम है विरक्त जिसका अर्थ है प्रेम रहित। इसी प्रकार अधुनातन का अर्थ है आधुनिक और पुरातन का अर्थ है पुराना अथवा प्राचीन। अगला शब्द है आगत जिसका अर्थ है आया हुआ और अनागत का अर्थ है न आया हुआ। अल्पज्ञ का अर्थ है कम जानने वाला और बहुज्ञ का अर्थ है अधिक जानने वाला। इसी प्रकार आग्रह शब्द का अर्थ है हठपूर्वक प्रार्थना तथा दुराग्रह इसका विलोम है और इसका अर्थ है अनुचित हठ।

बच्चो ! अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। आप सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक सुनकर अपनी ऑडियो को तीन मिनट का विराम देकर उन प्रश्नों के उत्तर अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न 1. विलोम शब्द किसे कहते हैं ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से 'अनुकूल' शब्द का उचित विलोम लिखिए :-

(क) अपूर्ण (ख) प्राचीन (ग) प्रतिकूल (घ) प्रत्यक्ष।

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द युग्म उचित है, लिखिए :-

(क) अगम - सुगम (ख) अनुरक्त - अपयश

(ग) अपना - आयात (घ) रोगी - उदार

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सही विलोम शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(क) भारतीय किसान कभी -------- से परेशान हैं;

तो कभी अनावृष्टि से।

बच्चो ! आपको दी गई विराम की अवधि अब समाप्त हो चुकी है। आशा है कि आपने उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। उपर्युक्त पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार हैं :-

उत्तर 1. जो शब्द अर्थ की दृष्टि से परस्पर विपरीत होते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

उत्तर 2. निम्नलिखित में से अनुकूल शब्द का विलोम प्रतिकूल है।

उत्तर 3. निम्नलिखित में से शब्द युग्म उचित है :-
(क) अगम - सुगम

उत्तर 4. (क) भारतीय किसान कभी अतिवृष्टि से परेशान हैं तो कभी अनावृष्टि से।

बच्चो ! अब हम आगे दिए कुछ और विलोम शब्दों को भी पढ़ेंगे। इन शब्दों को भी आप मेरे पीछे ऊँचे स्वर में दोहराएँगे।

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आशीर्वाद | शाप | आनंद | शोक |
| आकाश | पाताल | आगे | पीछे |
| आज़ाद | गुलाम | आदान | प्रदान |
| आर्द्र | शुष्क | आदर्श | यथार्थ |
| आधुनिक | प्राचीन | आंतरिक | बाह्य |
| सामिष | निरामिष | आरोह | अवरोह |
| आयात | निर्यात | आशा | निराशा |
| आवश्यक | अनावश्यक | आहार | अनाहार/निराहार |
| आसक्त | अनासक्त | इच्छा | अनिच्छा |
| आज्ञा | अवज्ञा | इहलोक | परलोक |
| इष्ट | अनिष्ट | उत्कर्ष | अपकर्ष |
| उचित | अनुचित | उत्साह | निरुत्साह |
| उत्कृष्ट | निकृष्ट | उधार | नकद |
| उदार | अनुदार | उपकार | अपकार |

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा



विषय - हिन्दी व्याकरण ( विलोम शब्द )

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| उन्नति | अवनति | उपस्थिति | अनुपस्थिति |
| उपयोग | दुरुपयोग | कड़वा | मीठा |
| ऊँच | नीच | कृत्रिम | प्राकृत/नैसर्गिक |
| कठिन | सरल | आगामी | विगत |
| कनिष्ठ | ज्येष्ठ | आदान | प्रदान |
| आचार | अनाचार | आरंभ | अंत |
| आय | व्यय | आश्रित | अनाश्रित |
| आविर्भाव | तिरोभाव | आह्वान | विसर्जन |
| आस्था | अनास्था | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| उच्च | निम्न | उदय | अस्त |
| उत्थान | पतन | उद्धत | विनीत |
| उदात्त | अनुदात्त | उपयुक्त | अनुपयुक्त |
| उन्मुख | विमुख | एकता | अनेकता |
| उर्वर | ऊसर | ऐश्वर्य | अनैश्वर्य |
| ऐच्छिक | अनिवार्य | | |

बच्चो ! उपर्युक्त दिए विलोम शब्दों में से कुछ कठिन शब्दों के अर्थ भी जान लेते हैं। सामिष शब्द का अर्थ है मांसाहारी और निरामिष शब्द का अर्थ है शाकाहारी। इसी प्रकार इष्ट शब्द का अर्थ है शुभ और अनिष्ट का अर्थ है अशुभ। आगे है उत्कृष्ट जिसका अर्थ है श्रेष्ठ अथवा उत्तम और इसका विलोम है निकृष्ट जिसका अर्थ है नीच अथवा अधम। इसी प्रकार एक और शब्द है आविर्भाव जिसका अर्थ है प्रकट होना और आविर्भाव का विलोम है तिरोभाव। इसका अर्थ है अदृश्य हो जाना। उर्वर शब्द का अर्थ है उपजाऊ और ऊसर का अर्थ है बंजर। इसी प्रकार आरोह शब्द का अर्थ है चढ़ाव एवं अवरोह का अर्थ है उतार। इसी प्रकार आगामी शब्द का अर्थ है - आने वाला समय और विगत का अर्थ है बीता समय। अगला शब्द है उद्धत जिसका अर्थ है शरारती और इसका

विलोम है विनीत और इसका अर्थ है विनय से युक्त। अंतिम शब्द है ऐश्वर्य जिसका अर्थ है धन-संपति से पूर्ण और ऐश्वर्य का विलोम है अनैश्वर्य, जिसका अर्थ है धन-संपत्ति का अभाव।

बच्चो ! आज हमने 259 और 260 पर दिए विलोम शब्दों का अध्ययन कर लिया है। आशा है कि आपने इन्हें रुचि से पढ़ा एवं समझा होगा। अब मैं आपको गृहकार्य दे रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

## गृहकार्य

सभी छात्र सरस हिन्दी व्याकरण की पृष्ठ संख्या 259 एवं 260 पर दिए विलोम शब्द अधम से लेकर ऐश्वर्य तक दो-तीन बार ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे एवं इस कार्य को अपनी-अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे। सभी छात्र इस कार्य को सुन्दर लिखाई में करेंगे। हिन्दी विषय पढ़ने वाले सभी छात्रों के लिए इस कार्य को करना अनिवार्य है।

धन्यवाद।